दैनिक
# न्याय साक्षी
छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
रायगढ़, गुरुवार 08 दिसंबर 2022
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### नक्सलियों के स्माल एक्शन टीम ने छीना जवान का राइफल

**नारायणपुर (आरएनएस)।** जिले के ओरछा बाजार स्थल के पास से आज बुधवार के शाम को नक्सलियों के स्माल एक्शन टीम ने एक जवान से एसएलआर राइफल जिसके मैगजीन में 20 राउंड गोली भी था, छीनकर भाग गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सीएएफ 16 वी वाहिनी और जिला बल की संयुक्त टीम नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु ग्राम गुदड़ी रवाना हुआ था, वापसी के दौरान ओरछा बाजार स्थल के पास ग्रामीण वेशभूषा में नक्सल स्माल एक्शन टीम के दो से तीन नक्सली जवान के पास आकर बातचीत में उलझा कर राइफल छीन कर भाग गए। जब तक अन्य जवान उस पर कार्रवाई करते पास में अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति बाजार का दिन होने कारण फायर नहीं खोल पाए तत्काल सर्चिंग हेतु डीआरजी एवं सीएएफ को रवाना किया गया है सर्चिंग अभी जारी है। नारायणपुर एएसपी हेमसागर सिदार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि नक्सलियों के स्माल एक्शन टीम ने घटना को अंजाम दिया है, जवान से एसएलआर राइफल जिसके मैगजीन में 20 राउंड भी था, उसे छीनकर भाग गये, इलाके में इनकी धरपकड़ के लिए सर्चिंग तेज कर दी गई है।

### नक्सलियों के मिलिशिया कमाण्डर व मिलिशिया सदस्य गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले के थाना अरनपुर से डीआरजी एवं सीआरपीएफ 111 वीं वाहिनी बी कंपनी समेली, सीआरपीएफ 111 वीं वाहिनी जी कंपनी पालनार की संयुक्त टीम ग्राम बर्रेम, रेवाली, ताड़पारा जंगल की ओर रवाना हुये। सर्च ऑपरेशन के दौरान दिनांक 07 दिसंबर को रेवाली ताड़पारा के जंगल में 02 संदग्धि व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर भागने व छिपने लगे। जिन्हें पुलिस पार्टी के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उन्होनें अपना नाम पन्नू उर्फ फगनू नुप्पो पिता हु नुप्पो उम्र लगभग 28 वर्ष जाति माड़िया निवासी रेवाली कलेपारा थाना अरनपुर रेवाली पंचायत भूमकाल मिलिशिया कमाण्डर एवं नंदा कुंजाम पिता हुंगा कुंजाम उम्र लगभग 25 वर्ष जाति माड़िया निवासी रेवाली ताड़पारा थाना अरनपुर बताए साथ ही दोनों के द्वारा रेवाली पंचायत भूमकाल मिलिशिया सदस्य के पद पर कार्य करना बताया।

### सेना झंडा दिवस पर मुख्यमंत्री ने किया सैनिकों के कल्याण के लिए अंशदान

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज 7 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सैनिकों के कल्याण के लिए अंशदान किया। मुख्यमंत्री बघेल से छत्तीसगढ़ सैनिक कल्याण बोर्ड के संचालक विवेक शर्मा ब्रिगेडियर (विशिष्ट सेवा मंडल) वी.ने बुधवार को राज्य के गरियाबंद जिले के विश्राम गृह में सुबह मुलाकात की। मुख्यमंत्री बघेल को इस अवसर पर ब्रिगेडियर शर्मा ने प्रतीकात्मक झंडा लगाकर सहयोग राशि प्राप्त की। मुख्यमंत्री बघेल ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर देश के बहादुर जवानों और उनके परिजनों का आभार प्रकट किया। बघेल ने अपने संदेश में कहा है कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस हमारे देश के जांबाज सैनिकों और उनके परिवारजनों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को महसूस करने और उसमें अपना योगदान देने की पवित्र भावना का प्रतीक है।

### कर्मचारी चयन आयोग आयोजित कनिष्ठ हिंदी अनुवादक परीक्षा 11 को

**रायपुर (आरएनएस)।** कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित कनिष्ठ हिंदी अनुवादक परीक्षा -2022 पेपर-की परीक्षा 11 दिसंबर रविवार को सबेरे 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक एवं दृष्टि विकलांग अभ्यार्थियों के लिए सबेरे 10:30 बजे से दोपहर 12:40 बजे तक संचालित की जायेगी।

# भंवरपुर को नगर पंचायत और उप तहसील बनाने की घोषणा

- भंवरपुर में होगी कॉलेज की स्थापना: खुलेगा स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यम स्कूल
- भंवरपुर में राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा प्रारंभ करने के किए जाएंगे गंभीर प्रयास
- भंवरपुर पुलिस चौकी का होगा पुलिस थाने में उन्नयन
- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात में भंवरपुर को दीं अनेक सौगातें

**रायपुर (आरएनएस)।** भेंट-मुलाकात में महासमुंद जिले की सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भंवरपुर पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भंवरपुर को दिल खोलकर सौगातें दीं। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के आग्रह पर ग्राम पंचायत भंवरपुर को नगर पंचायत बनाने, भंवरपुर को उप तहसील बनाने, भंवरपुर में किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा खोलने की प्रक्रिया प्रारंभ करने, पुलिस चौकी भंवरपुर का थाने में उन्नयन, भंवरपुर में कॉलेज की स्थापना, भंवरपुर में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यम विद्यालय खोलने, भंवरपुर में ओपन जिम और भंवरपुर से सरायपाली तक सडक़ निर्माण को तेज गति से पूरा कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री की घोषणाओं का उपस्थित समुदाय ने उत्साह के साथ स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री बघेल ने भेंट-मुलाकात में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों और हितग्राहियों को योजना का लाभ मिला है या नहीं इसकी जानकारी लेने व शासन की योजनाओं का फीडबैक लेने



के लिए भंवरपुर आएं हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में लागू की गई योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। मुख्यमंत्री ने इसके पहले छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की शुरुआत की। रघुनाथ का 3 लाख रूपए की ऋण हुआ माफ: खेती की आमदनी से खरीदी ट्रेक्टर

भेंट-मुलाकात के दौरान पोटापारा के किसान रघुनाथ ने मुख्यमंत्री को बताया 3 लाख का लोन माफ हुआ है। खेती से हुई आमदनी से खेत में पम्प लगाया और ट्रैक्टर खरीदा। ग्राम आरा-पथरा के उमंग साव ने पेट की बीमारी के इलाज के लिए मुख्यमंत्री से सहायता की मांग की, इस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें दो लाख रुपए की सहायता राशि देने का आश्वासन दिया। ग्राम सकरी के रोहित डडसेना ने बताया कि उन्होंने कुल 11 सौ 60 क्विंटल गोबर बेचकर 02 लाख 32 हजार रुपये की आमदनी की है। युवा मितान क्लब के सदस्य दयानिधि नायक ने मुख्यमंत्री को बताया कि 42 सदस्य हैं, खेलकूद, साफ-सफाई और अनेक गतिविधियों का संचालन क्लब द्वारा किया जा रहा है। हाट बाजार क्लीनिक योजना की लाभान्वित हेम बाई पटेल ने बताया कि बाजार में नियमित गाड़ी आती है। मुझे बीपी की समस्या है, जांच कराई और दवाइयां ले रही हूं। सबकुछ नि:शुल्क हुआ है।

**गौठान में मशरूम उत्पादन और मुर्गी पालन के लिए बनेगा शेड -** भेंट-मुलाकात में रेखा लहरे ने मुख्यमंत्री को बताया कि वर्मी कंपोस्ट से उनके समूह को एक लाख पांच हजार रुपए की आमदनी हुई है। रेखा ने मुख्यमंत्री के समक्ष मशरूम शेड एवं मुर्गी शेड और गौठान में तार घेरे का कार्य करवाने की मांग रखी, इस पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को निर्देश दिए। बसना के स्वामी आत्मानंद स्कूल की छात्रा पूजा ने मुख्यमंत्री को बताया कि स्वामी आत्मानंद स्कूल में नि:शुल्क उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले साल 400 और स्वामी आत्मानंद स्कूल खुलेंगे। कक्षा पहली के नन्हें छात्र लक्ष्य बंजारे ने मुख्यमंत्री को धारा प्रवाह प्रदेश के 33 जिलों के नाम बताए। नन्हें बालक लक्ष्य की प्रतिभा देखकर मुख्यमंत्री बघेल ने लक्ष्य को शाबासी दी।

**स्वामी आत्मानंद स्कूल की छात्राओं को सायकल वितरण -** मुख्यमंत्री ने भंवरपुर में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बसना के छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरित की। कक्षा नौवीं की छात्रा तेजस्वनी साव, अंकिता प्रधान, शिवानी साहू, श्रद्धा प्रधान मंदाकिनी पांडे को सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत निशुल्क साइकिल दी गई।

**किसानों को मसूर बीज मिनी किट का वितरण-** मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत भंवरपुर के युधिष्ठिर पटेल, संतोष नायक, रतन सिदार,जगदीश पटेल तथा ग्राम पंचायत कूड़ेला के प्रीतम सिंग सिदार को मसूर बीज मिनी किट का वितरण किया गया। किसानों को दलहन तिलहन खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। और इसी क्रम में मसूर बीज मिनी किट का वितरण किया गया।

## शिक्षक से 21 लाख की ऑनलाईन ठगी करने वाले चार अंतर्राज्यीय ठग गिरफ्तार

- आरोपियों को राजस्थान से गिरफ्तार कर लाया गया

**बिलासपुर (आरएनएस)।** टेलीग्राम सोशल मीडिया एप के माध्यम से शिक्षक को 2 करोड़ रुपये का फायदा करवाने का झांसा दे कर 21 लाख से अधिक की ठगी करने के मामले में तोरवा थाना पुलिस ने 4 आरोपियो को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। वही दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। साथ ही पुलिस ने ठगों के बैंक एकाउंट में 21 लाख से अधिक रुपये की रकम फ्रिज करा दी है।

मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय विद्यालय बिलासपुर में शिक्षक के पद पर पदस्थ अमलेश लहरी (55) को टेलीग्राम एप में अज्ञात व्यक्ति ने एसएएमई कंपनी में पैसे लगाने पर अधिकतम लाभ प्राप्त होने का झांसा दिया। शिक्षक उसके झांसे में आ गए। जिस पर ठग ने उन्हें टेलीग्राम एप पर मेंटोरा रामा एप का लिंक भेज कर डाऊनलोड करने को कहा गया। डाऊनलोड करने के बाद कंपनी में पैसे लगाने पर फायदा की बात कही और अलग अलग किश्तों में 21 लाख 53 हजार रुपये ऑनलाइन जमा करवा लिए। फिर दो करोड़ रुपये फायदा मिलने की बात कही तथा उक्त प्रॉफिट दस लाख रुपये जमा करवाने पर ही भेजे जाने की बात कही। जिस पर शिक्षक ने अब अपने पास रकम नही होने की बात कही तो ठगों ने उन्हें रुपये देने से मना कर दिया। ठगी का एहसास होने पर शिक्षक ने तोरवा थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया। शिक्षक के साथ ठगी को अंजाम देने वाले मामले को गंभीरता से लेते



हुए एसएसपी पारुल माथुर ने आरोपियो की पतासाजी कर गिरफ्तारी के निर्देश दिए। जिस पर एडिशनल एसपी राजेंद्र जायसवाल व सीएसपी पूजा कुमार ने मामले का लगातार पर्यवेक्षण कर दिशा निर्देश जारी किए। एसीसीयू प्रभारी हरविंदर सिंह और तोरवा के तत्कालीन प्रभारी फैजुल होदा शाह के द्वारा ठगी की रकम जिन खातों में गयी है, उसके खाताधारकों की जानकारी जुटाई गई। आरोपियो की पहचान होने पर एसएसपी पारुल माथुर ने दस सदस्यीय टीम तैयार कर राजस्थान गिरफ्तारी हेतु भेजा। जहां पुलिस टीम ने 5 दिन तक कैम्प कर तकनीकी साक्ष्य व फील्ड वर्क के आधार पर मिले इनपुट के आधार पर 4 आरोपी राहुल सुथार 19 वर्ष, राजकुमार उर्फ राजू सिंधी 38 साल, हेमराज बैरवा उम्र 25 साल तथा दीपेश वैष्णव 19 साल को गिरफ्तार कर बिलासपुर लाया गया। आरोपियो के 4 बैंक खातों में कुल 21 लाख 8 हजार पुलिस ने होल्ड करवाये है। वही जितेंद्र तेजवानी निवासी भिनय राजस्थान व पंकज निवासी दिल्ली फरार है जिनकी तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक नग लैपटॉप, 4 नग मोबाइल, 6 नग विभिन्न बैंक के एटीएम, 1 पेटीएम कार्ड व चेकबुक बरामद किया है।

## संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के लिए नोडल अधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

**रायपुर (आरएनएस)।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने संभाग स्तरीय छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक 2022-23 के सफल आयोजन हेतु नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश छिकारा को आयोजन एवं संपूर्ण व्यवस्था का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर ने बताया कि नेताजी सुभाष स्टेडियम में आयोजित होने वाले कबडड़ी, खो-खो, फुगड़ी, बिल्लस, बांटी एवं भौरा खेलों के लिए नगर निगम रायपुर के अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल को नोडल अधिकारी तथा विनय मिश्रा, अरूण ध्रुव, और दिनेश कोसरिया को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह सप्रे शाला मैदान में आयोजित होने वाले पि_ल, गिल्ली डंडा, गेड़ी दौड़ एवं रस्साकसी खेलों के लिए जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरि कृष्ण जोशी को नोडल अधिकारी तथा विवेक गोस्वामी, उदय कामड़े और कमलेश साहु को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह कलेक्टर ने स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में आयोजित होने वाले लंगड़ी, 100 मी. दौड़, लंबी कूद एवं संखली खेलों के लिए अपर आयुक्त अरविंद शर्मा को नोडल अधिकारी एवं विनोद पाण्डेय, आर.एन प्रधान, संजय शर्मा तथा आशुतोष सिंह को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## रायपुर में आयोजित होगा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच

- भारत और न्यूजीलैंड के बीच होगा वन डे मुकाबला

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश के क्रिकेट प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है। राजधानी रायपुर के शहीद वीर नारायण स्टेडियम में अब अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबला देखने को मिलेगा।

जानकारी के अनुसार भारत दौरे पर आने वाली न्यूजीलैंड की टीम राजधानी रायपुर के शहीद वीर नारायण स्टेडियम में 21 जनवरी को भारत से वनडे मुकाबला खेलेगी। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के द्वारा एक प्रेस रिलीज जारी कर इस बात की जानकारी दी है

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की दौरा एवं कार्यक्रम निर्धारण समिति की बैठक मंगलवार को हुई। इसमें न्यूजीलैंड दौरे को अंतिम



रूप दिया गया। इस दौर पर तीन वनडे और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेले जाएंगे। सीरीज के कार्यक्रम की अभी आधिकारिक घोषणा होना शेष है। बीसीसीआई से जुड़े सूत्रों के अनुसार वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 18 जनवरी को हैदराबाद में जबकि दूसरा मुकाबला 21 जनवरी को रायपुर में होगा वहीं 24 जनवरी को तीसरा व निर्णायक वनडे इंदौर में खेला जाएगा।

## सेरीब्रल पाल्सी से ग्रसित मासूम विवान को मिलेगा नया जीवन

0 बच्चे के बेहतर इलाज के लिए मुख्यमंत्री भूपेश ने अधिकारियों को दिए निर्देश

0 भेंट-मुलाकात कार्यक्रम से लोगों को मिल रहा है तत्काल लाभ

**रायपुर (आरएनएस)।** हर पिंता अपने बच्चे की खुशी के लिए आसमान से तारे तोड़ लाने की क्षमता रखता है. पंडरीपाली के रहने वाले नरेन्द्र साहू भी अपने बच्चे 8 साल के बच्चे विवान के लिए ऐसा ही करना चाहते हैं, लेकिन वो ऐसा




कर नहीं पा रहे. वजह है विवान की सेरीब्रल पाल्सी नाम की जन्मजात बीमारी। विवान खुद से चल फिर नहीं सकता है, ऐसे में पेशे से मजदूर पिता नरेन्द्र को ज्यादातर समय उसके साथ रहना पड़ता है और विवान की बीमारी के लिए बार-बार अस्पताल का चक्कर लगाना पड़ता है। विवान को और बेहतर इलाज मिल सके इसके लिए नरेन्द्र सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बलौदा में आयोजित भेंट मुलाकात कार्यक्रम में पहुंचे. कार्यक्रम स्थल में प्रवेश करते ही मुख्यमंत्री की नजर विवान पर पड़ी और उन्होने विवान के पिता से बात की. नरेन्द्र ने विवान के बारे में मुख्यमंत्री को बताया. विवान के बारे में जानकर मुख्यमंत्री ने उसके इलाज के लिए तुरंत ही कलेक्टर को निर्देश दिया और हरसंभव मदद करने की बात कही। विवान के इलाज के संबंध में मदद करने के लिए कलेक्टर ने जिले के सीएमएचओ और सरायपाली एसडीएम को विवान के पिता से मिलकर सारी जानकारी एकत्र करने और विवान की स्वास्थ्य जांच कराकर तत्काल बेहतर इलाज शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

## सरायपाली के शिशुपाल पहाड़ को मिलेगी नई पहचान

- पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा
- भेंट मुलाक़ात में पहुँचे मुख्यमंत्री बघेल ने दी सौग़ात, अब बढ़ेंगी सुविधाएँ

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री बघेल की एक मंज़ूरी से जल्द ही सरायपाली को पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान मिलने वाली है। आज सरायपाली वासियों से भेंट मुलाक़ात करने पहुँचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिशुपाल पर्वत को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करने की घोषणा की। उनके घोषणा करते ही उपस्थित स्थानीय जन्रो ने ज़ोरदार तालियाँ बजाकर मुख्यमंत्री का आभार जताया। अब इस पहाड़ पर ट्रैकिंग, पर्यटकों के लिए कई मूल भूत सुविधाओं को स्थापित करने का रास्ता खुल गया है। अंग्रेजो के जमाने से इलाक़े की पहचान रहे इस पहाड़ को पर्यटन के लिए विकसित करने से सरायपाली को नई पहचान मिलेगी। छत्तीसगढ़ में पर्यटन से स्थानीय स्तर पर रोजग़ार को बढ़ावा देने की नीति से यहाँ के युवाओं के लिए आमदनी के नए अवसर बनेंगे। राज्य ही नहीं दूसरे प्रदेशों से भी पर्यटकों के आने से स्थानीय लोगों को भी अपनी



संस्कृति और रीति-रिवाजों से लोगों को अवगत कराने का मौक़ा मिलेगा।

अभी भी सरायपाली का शिशुपाल पर्वत ट्रैकिंग का नया प्वाइंट बना हुआ है। शनिवार और रविवार को यहां पर्यटकों की सबसे ज्यादा भीड़ होती है। बताया जाता है कि इसी पहाड़ के ऊपर किसी समय राजा शिशुपाल का महल हुआ करता था। जब राजा को अंग्रेजो ने घेर लिया तब राजा ने अपने घोड़े की आंख पर पट्टी बांधकर पहाड़ से छलांग लगा दी थी। इसी कारण इस पहाड़ को शिशुपाल पर्वत और यहां के झरने को घोड़ाधार जलप्रपात कहा जाता है। ये राजधानी रायपुर से करीब 157 किमी की दूरी पर और सरायपाली से 30 किमी की दूरी पर स्थित पर्यटन स्थल शिशुपाल पर्वत स्थित है। समुद्र तल से शिशुपाल पर्वत की ऊंचाई करीब 900 फीट है। शिशुपाल पर्वत के ऊपर पहुंचने पर बड़ा सा मैदान है, जहां से बारिश के दिनों में पानी घोड़ाधार जलप्रपात के रूप में करीब 1100 फीट नीचे गिरता है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## छत्तीसगढ़ में धान और गन्ना की कीमत से उत्साहित हुए तमिलनाडु के किसान

- कृषि मंत्री से मिलकर छत्तीसगढ़ के किसान हितैषी नीतियों की सराहना
- देश में धान और गन्ना के सबसे अधिक कीमत मिलने पर जताई खुशी, किया आभार व्यक्त

**रायपुर (आरएनएस)।** तमिलनाडु के किसान भी छत्तीसगढ़ में किसानों को मिल रहे धान और गन्ना की कीमत से उत्साहित है। सुदुर दक्षिण के राज्य से आये इन किसानों ने छत्तीसगढ़ में किसानों को के हित में संचालित की जा रही योजनाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंनें कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे से मुलाकात की उन किसानों ने छत्तीसगढ़ के किसान हितैषी नीतियों और कार्यक्रमों की सराहना की और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के प्रयासों की तारीफ की। गौरतलब है कि तमिलनाडु राज्य से आए कावेरी फार्मर प्रोटेक्शन एसोशिएशन के किसानों का एक दल छत्तीसगढ़ के भ्रमण पर पहुँचा है। इन किसानों ने धान खरीदी केन्द्र, मल्टीयूटीलिटी सेन्टर और गौठान का अवलोकन किया और उत्सूकता के साथ यहॉ काम करने वाले



कर्मचारियों और किसानों से चर्चा कर जानकारी ली।

सुदूर दक्षिण के राज्य से आए इन किसानों ने कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे से मुलाकात के दौरान कहा कि तमिलनाडू से आए किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री से कहा कि छत्तीसगढ़ में धान की सर्वाधिक कीमत दी जा रही है। यहा के धान उत्पादक किसानों को अन्य राज्यों की अपेक्षा देश में सबसे अधिक लाभ मिल रहा है। उनके गृह राज्य तमिलनाडु में भी ऐसा लाभ नही मिल पा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य के समान ही देश के सभी धान उत्पादक किसान को इसी प्रकार लाभ दिया जाना चाहिए। सुन्दर विमल नाथन ने कहा कि इसी तरह यहॉ गन्ना भी 4000 रूपए प्रति टन से अधिक की दर से खरीदी जा रही है। छत्तीसगढ़ के किसानों को जो यह लाभ मिल रहा है वह गन्ना उत्पादक राज्यों में भी नही मिल पा रहा है। उन्होंनें कहा छत्तीसगढ़ सरकार राजीव गॉधी किसान न्याय योजनाओं के माध्यम से किसानों के हित में कार्य कर रही है। इससे किसान भी समृद्ध हो रहे है। इसके लिए हम छत्तीसगढ़ सरकार को धन्यवाद देते है।

तमिलनडू के सुन्दर विमल नाथन और अन्य किसानों ने मुलाकात के दौरान कृषि मंत्री को लाल केला और नारियल का पौधा भेंट किया। कृषि मंत्री ने भी किसानों का आत्मीयता से स्वागत किया और उनके राज्य में कृषि के क्षेत्र में दी जा रही सुविधाओं के बारे मे जानकारी ली और छत्तीसगढ़ राज्य में किसानों के लिए संचालित किये जा रहे नवाचारी कार्यक्रमों और योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।